योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया

# योगदा सत्संग सोसाइटी/ सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप के अध्यक्ष श्री श्री स्वामी चिदानन्द गिरि की

# भारत यात्रा - 2019

**नोएडा**
**अक्तूबर 18-20**

**हैदराबाद**
**नवम्बर 1-3**

**मुम्बई**
**नवम्बर 8-10**



स्वर्ग या मधुवन से भी बढ़ के, हे मेरे भारत! करता हूँ मैं प्रेम तुझसे...
जय हे, धर्मों, पावन कमलों, लावण्यमय दृश्यों, सन्तों की जननी!
युग-युगान्तरों से ईश्वर-पुत्रों का स्वागत करते
तेरे विस्तीर्ण पट हैं सदा खुले
जहाँ गंगा, वनरायें, हिमालय की कन्दरायें, और जन-मानस रहें मग्न
ईश-चिन्तन में अनन्य
कर स्पर्श उस माटी को तन से, हुआ मैं परम धन्य।

*—श्री श्री परमहंस योगानन्द द्वारा रचित कविता "My India" से अनूदित*

प्रिय आत्मन्,

हमें आपको यह सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि हमारे पूज्य अध्यक्ष श्री श्री स्वामी चिदानन्द गिरि अक्तूबर-नवम्बर 2019 के दौरान भारत भारत की यात्रा करेंगे, तथा तीन महानगरों में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेंगे। ये कार्यक्रम नोएडा (अक्तूबर 19-20), हैदराबाद (नवम्बर 1-3), तथा मुम्बई (नवम्बर 8-10) में आयोजित किये जा रहे हैं। हमारे पूज्य स्वामीजी भारत में गुरुदेव के इस बृहत् आध्यात्मिक परिवार के साथ कुछ समय व्यतीत करने की बड़ी आतुरता के साथ प्रतीक्षा कर रहे हैं, और हम उनके बहुत आभारी हैं कि उन्होंने हमें यह सौभाग्य प्रदान किया। हमने बहुत सोच-विचार के बाद इन महानगरों का चयन किया है, ताकि भारत के प्रत्येक कोने से अधिक-से-अधिक भक्तजनों को इन समारोहों में भाग लेने का सुअवसर प्राप्त हो सके।

ये कार्यक्रम सच्चे ईश-पिपासुओं को एक अद्‌भुत अवसर प्रदान करते हैं कि वे आधुनिक दैनिक जीवनशैली की अनवरत गतिविधियों से दूर हो सकें, स्वयं को समस्त बाह्य विकर्षणों से पृथक करते हुए एकांत में ईश्वर के साथ एकाकार कर सकें, और इस प्रकार एक गुरुतर चिरन्तन परमानन्द का अनुभव कर सकें।

कृपया ध्यान दें कि केवल *योगदा भक्तजन* ही इन कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं, और अपनी पसन्द के **किसी एक स्थान** में ही भाग ले सकते हैं। चूँकि प्रत्येक स्थान पर आवास व्यवस्था सीमित है, अतः केवल बाहर के शहरों से आने वाले भक्तों को आवास प्रदान किया जायेगा। "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर आवास पहले उन्हें दिया जायेगा जो पहले आवेदन करेंगे।

कार्यक्रम की दिनचर्या अति व्यस्त रहेगी, और आवास व्यवस्था भी अत्यन्त सादा रखी जा रही है, इसलिये हम आग्रह करते हैं कि ऐसे भक्त आवेदन न करें जिनका स्वास्थ्य कमज़ोर हो अथवा जिनकी कोई विशेष आवश्यकतायें हों।

पंजीकरण के विवरण पृष्ठ संख्या 4, 5, एवं 6 पर दिये जा रहे हैं, तथा *पंजीकरण फ़ॉर्म* पृष्ठ 7 एवं 8 पर दिया जा रहा है। कृपया पंजीकरण फ़ॉर्म को भरने और प्रेषित करने से पहले पूरी प्रक्रिया ध्यान से पढ़ लें।

गुरुदेव कहते हैं: "भक्ति के मार्ग पर भक्त ईश्वर से कहता है, 'प्रभु, यद्यपि मेरा प्रेम-अर्घ्य अपूर्ण है, तो भी आपको अपना प्रेम अर्पित करते हुए मुझे प्रसन्नता होगी। मुझे आपके प्रत्युत्तर की इच्छा नहीं है; मैं नहीं कहता कि आप मेरे प्रेम को ग्रहण करें। चाहे आप इसे ग्रहण करें या न करें, चाहे आप कोई प्रत्युत्तर दें या न दें, मैं तो आपको अपना निःशर्त प्रेम देने में ही प्रसन्न हूँ; मेरे लिये इतना ही पर्याप्त है। इसी में मैं सर्वाधिक प्रसन्न हूँ।'"

हम आपकी आध्यात्मिक उन्नति तथा आन्तरिक आनन्द एवं शान्ति के बोध में बढ़ोत्तरी की प्रार्थना करते हैं।

दिव्य मैत्री में,

**योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया**

# कार्यक्रम की रूपरेखा

कार्यक्रम में सामूहिक ध्यान, प्रवचन, ध्यान प्रविधियों के पुनरवलोकन, एवं भजन सत्र सम्मिलित रहेंगे। दिनचर्या में भक्तजनों को संन्यासियों के साथ व्यक्तिगत आध्यात्मिक परामर्श तथा विश्राम के लिये भी कुछ समय मिलेगा।

### सामूहिक ध्यान

कार्यक्रम के दौरान संन्यासीगण दिन में दो बार सामूहिक ध्यान का संचालन करेंगे।

### अध्यक्ष महाराज का सत्संग

हमारे पूज्य अध्यक्ष गुरुदेव द्वारा प्रदत्त साधना पर आध्यात्मिक प्रवचन देंगे ताकि *योगदा सत्संग शिक्षाओं* को अधिक गहनता से समझने तथा अभ्यास कर पाने में हमारी सहायता हो सके।

### ध्यान प्रविधियाँ एवं प्रवचन

शक्ति-संचार, एकाग्रता, एवं ध्यान की प्रविधियों का पुनरवलोकन एवं प्रदर्शन किया जायेगा। सभी कक्षायें निम्नलिखित भाषाओं में दी जायेंगी:

| | |
|---|---|
| नोएडा एवं मुम्बई में: | अंग्रेज़ी तथा हिन्दी |
| हैदराबाद में: | अंग्रेज़ी तथा तेलुगु |

गुरुदेव के "आदर्श जीवन" सिद्धान्तों पर प्रवचन भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे।

### क्रिया-योग दीक्षा

इन कार्यक्रमों में **क्रिया-योग दीक्षा का आयोजन नहीं किया जा रहा है**।

जो भक्तजन क्रिया दीक्षा लेना चाहते हों, वे निम्नलिखित शहरों में आयोजित किये जा रहे तीन-दिवसीय कार्यक्रमों/रिट्रीट में से किसी एक स्थान पर दीक्षा समारोह में भाग ले सकते हैं:

थ्रिसूर (2-4 अगस्त), सेलम (9-11 अगस्त), राँची (9-12 अगस्त), बेंगलूरु (13-15 सितम्बर), लखनऊ (13-15 सितम्बर), पटना (20-22 सितम्बर), शिवमोगा (21-22 सितम्बर), द्वाराहाट (26-30 सितम्बर)।

अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी वेबसाइट *yssofindia.org/monastic-tours.php* देखें, अथवा राँची आश्रम में सहयता डेस्क से सम्पर्क करें।

### वॉलंटीयर सेवा

हमेशा की तरह इस बार भी हमें अनेक वॉलंटीयर भक्तों की आवश्यकता होगी। कुछ विभाग जिनमें आप सेवा प्रदान कर सकते हैं इस प्रकार हैं: पंजीकरण ऑफ़िस, आवास-व्यवस्था, ऑडियो विभाग, पुस्तक विक्रय स्टॉल, साज-सज्जा, भोजन व्यवस्था, रख-रखाव, मेडिकल विभाग, स्वच्छता विभाग, मंच व्यवस्था, सुरक्षा, पण्डाल में बैठने की व्यवस्था, इत्यादि। इनमें से कुछ विभागों में कार्यक्रम प्रारम्भ होने के एक या दो दिन पहले से वॉलंटीयर भक्तों की आवश्यकता होगी। यदि आप वॉलंटीयर सेवा करना चाहते हैं, तो कृपया पंजीकरण फ़ॉर्म उसी अनुसार भरें।

# पंजीकरण सम्बन्धी सूचना

### कार्यक्रम

प्रत्येक शहर में कार्यक्रम प्रथम दिन की सुबह प्रारम्भ होगा तथा अन्तिम दिन की दोपहर को समाप्त होगा। आप इसी अनुसार अपने आगमन एवं प्रस्थान की व्यवस्था करें। वॉलंटीयर भक्तों के अतिरिक्त, सभी भक्तों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम प्रारम्भ होने से एक दिन पूर्व दोपहर 12 बजे से पहले न पहुँचें, तथा अन्तिम दिन की संध्या के बाद न रुकें।

### आवास व्यवस्था

महिला एवं पुरुष भक्तों के ठहरने के लिये अलग-अलग डॉर्मेट्रियों (एक कमरे में कई सारे भक्तों के ठहरने का प्रबन्ध) की व्यवस्था होगी। एक ही परिवार के सदस्य कृपया इस बात को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी करें। जिन भक्तजनों को विशेष प्रकार के आवास अथवा आहार की आवश्यकता हो, उनसे अनुरोध है कि वे अपना प्रबन्ध स्वयं करें। आपके निवेदन पर आपको निकट के होटलों की सूचि उपलब्ध करा दी जायेगी।

तीनों शहरों में आवास के सीमीत संसाधन होने के कारण जो भक्त *योगदा सत्संग सोसाइटी* द्वारा आयोजित आवास के लिये आवेदन करेंगे, उन्हें "पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर आवास आवंटित किया जायेगा।

भक्तजन अपनी पसंद के अनुसार शहरों को वरीयता देते हुए उनका चयन कर सकते हैं। यदि हम आपके प्रथम वरीयता वाले शहर के लिये आपको पंजीकृत नहीं कर पाते हैं तो आपके चयन के अनुसार अन्य शहरों के लिये आपको पंजीकृत करने का प्रयास करेंगे।

**हम स्थानीय भक्तों को आवास नहीं दे पायेंगे।** इन तीन शहरों के जिन जिलों/प्रान्तों के निवासियों को स्थानीय माना जायेगा वे इस प्रकार हैं:

| | |
|---|---|
| **नोएडा** | नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग़ाज़ियाबाद, फ़रीदाबाद, दिल्ली, नयी दिल्ली, गुरुग्राम |
| **हैदराबाद** | हैदराबाद, रंगा रेड्डी, मेड्चल-मल्काजगिरि |
| **मुम्बई** | मुम्बई, थाणे, नवी मुम्बई |

## भुगतान सम्बन्धी विवरण

पंजीकरण शुल्क प्रति व्यक्ति ₹750 है।*

कृपया अपना पंजीकरण फ़ॉर्म पंजीकरण शुल्क के साथ उस आश्रम/ध्यान केन्द्र के डाक पते पर भेज दें जो आपकी पहली पसन्द हो। पृष्ठ 6 पर आश्रम/ध्यान केन्द्रों के डाक पते दिये गये हैं।

सभी भुगतान YOGODA SATSANGA SOCIETY OF INDIA के नाम से एट-पार चैक (At-Par Cheque) द्वारा ही किये जाने चाहिये। कृपया मनी ऑर्डर, बैंक ड्राफ़्ट (Demand Draft), भारतीय पोस्टल ऑर्डर (IPO) द्वारा भुगतान न करें। जो भक्त आगामी दिनों में नोएडा आश्रम, या हैदराबाद, या मुम्बई केन्द्र आने वाले हैं, वे वहाँ नकद भुगतान भी कर सकते हैं।

शीघ्र एवं आसान पंजीकरण के लिये कृपया हमारी वेबसाइट *devotees.yssofindia.org* पर ऑनलाइन पंजीकरण करायें।

## आपके अनुदान आवश्यक हैं

यद्यपि आवास व्यवस्था के लिये कोई निर्धारित शुल्क तय नहीं है, तथापि प्रत्येक व्यक्ति के तीन दिन के आवास का व्यय लगभग ₹1,500 से ₹2,000 होगा। हम भक्तजनों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने सामर्थ्य अनुसार अनुदान करें ताकि कार्यक्रम के दौरान आवास एवं अन्य आयोजनों पर होने वाले व्ययों का हम वहन कर सकें। पंजीकरण तथा भोजन शुल्क पर हमने छूट दी है ताकि वे भक्त भी भाग ले सकें जिनके संसाधन सीमित हैं। हम उन भक्तों के प्रति बहुत आभारी हैं जो इस हेतु उदारता से सहयोग दे सकते हैं, क्योंकि इसके कारण हम भक्तों को यह छूट दे पायेंगे जिससे सभी सच्चे अनुयायियों तक गुरुदेव का आतिथ्य पहुँच पायेगा।

## पंजीकरण की अन्तिम तिथि

जो भक्त *योगदा सत्संग सोसाइटी* से आवास का अनुरोध करना चाहते हैं उनका पंजीकरण फ़ॉर्म 31 जुलाई, 2019, तक पहली पसन्द वाले आश्रम/ध्यान केन्द्र के पते पर पहुँच जाना चाहिये।

जो भक्त अपनी आवास व्यवस्था स्वयं करना चाहते हैं उनके लिये, तथा स्थानीय भक्तों के लिये पंजीकरण की अन्तिम तिथियाँ इस प्रकार हैं:

**नोएडा: 4 अक्तूबर; हैदराबाद: 18 अक्तूबर; मुम्बई: 25 अक्तूबर**

परन्तु किसी भी स्थान पर यदि पंजीकरण की सीमा पूरी हो जाती है तो उस स्थान पर पंजीकरण की प्रक्रिया बन्द कर दी जायेगी।

यदि हम आपको पंजीकृत कर पाते हैं तो आपको SMS, ईमेल, अथवा पत्र द्वारा यह सूचित किया जायेगा।

भोजन शुल्क प्रति व्यक्ति ₹250 प्रति दिन होगा।* यह शुल्क आप कार्यक्रम के स्थान पर पहुँचने के बाद जमा करा सकते हैं।

---

* यदि आपके लिये पंजीकरण शुल्क अथवा भोजन शुल्क दे पाना कठिन हो रहा हो तो कृपया सम्बन्धित आश्रम/केन्द्र से सम्पर्क करें।

# डाक पते एवं सम्पर्क विवरण

**नोएडा, 18-20 अक्तूबर, 2019**

**योगदा सत्संग शाखा आश्रम—नोएडा**
परमहंस योगानन्द मार्ग, बी-4, सैक्टर 62, नोएडा 201 307
जिलाः गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, फ़ोनः 9899811808,
9899811909, 0120-2400670-71, 0120-2401670-72
ईमेलः yssnoidasangam@gmail.com

**स्थानः** योगदा सत्संग शाखा आश्रम—नोएडा

**हैदराबाद, 1-3 नवम्बर, 2019**

**योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र—हैदराबाद**
1, चिकोटी गार्डेन्स, 1-10-63/1, नल्ली सिल्क्स के पीछे, बेगमपेट
हैदराबाद 500 016, तेलंगाना, फ़ोनः 7093720623,
040-27767261; ईमेलः ysdk.hyderabad@gmail.com

**अतिरिक्त सम्पर्कः** श्रीमति सौजन्याः 8425849291; श्री बी मल्लैयाः 8247381797, 9014408886; श्री ओ. वी. राधाकृष्णः 9295709629

**स्थानः** क्लासिक गार्डेन्स, 152 अन्ना नगर रोड, बलमराई, रानीबाग़, सिकन्दराबाद, तेलंगाना 500 003

**मुम्बई, 8-10 नवम्बर, 2019**

**योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र—मुम्बई**
'आशीर्वाद' बिल्डिंग, तिलक रोड ऍक्स्टेन्शन, वडाला बस डिपो के पास
वडाला (पश्चिम), मुम्बई 400 031, महाराष्ट्र
फ़ोनः 9969669281, (022) 24103163
040-27767261; ईमेलः ysdkmumbaievents@gmail.com

**अतिरिक्त सम्पर्कः** श्रीमति जानकी पटवर्धनः 9969000717; श्रीमति सन्ध्या मसलीः 9820534611; श्रीमति मीनाक्षी कृष्णनः 9930535009; श्रीमति आर्मिन अंक्लेसरियाः 9820767890

**स्थानः** भारतीय क्रीड़ा मन्दिर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रोड संख्या 26, सहकार नगर, वडाला बस डिपो के पास, वडाला (पश्चिम), मुम्बई 400 031. उक्त स्थान मुम्बई ध्यान केन्द्र से तीन मिनट की पैदल दूरी पर है।

**पूछताछ**

किसी भी अन्य जानकारी के लिये कृपया प्रत्येक स्थान के दिये गये सम्पर्क पर फ़ोन करें, अथवा राँची आश्रम के सहायता डेस्क पर इन नम्बरों पर फ़ोन करेंः 9431917333; 9431917444; 9431917555; (0651) 2460071/72/73/74; सोम-शनिः प्रातः 9:00 से सायं 4:30 बजे तक; अथवा helpdesk@yssi.org पर ईमेल करें।

कार्यक्रम के विषय में जारी की जाने वाली आगामी सूचनाओं के लिये कृपया हमारी वेबसाइट देखें www.yssofindia/presidenttour2019

# अध्यक्ष महाराज की भारत यात्रा कार्यक्रम—2019 हेतु पंजीकरण फ़ॉर्म

शीघ्र एवं आसान पंजीकरण के लिये कृपया हमारी वेबसाइट *devotees.yssofindia.org* देखें

अथवा आप इस फ़ॉर्म को भरकर अपनी पहली पसन्द के स्थान पर डाक द्वारा भेज दें

(पंजीकरण की अन्तिम तिथि जानने के लिये पृष्ठ 5 देखें)

**कृपया अपनी पसंद की वरीयता के अनुसार शहरों के नाम लिखें:**

* पहली पसन्द: ____________ दूसरी पसन्द: ____________ तीसरी पसन्द: ____________

| | नाम | पाठ पंजीकरण सं. | लिंग (स्त्री/पुरुष) | आयु | क्या आवास चाहिये? | वॉलंटीयर क्षेत्र (यदि आप वॉलंटीयर करना चाहें तो) | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | |

आगमन की तिथि: ____________ प्रस्थान की तिथि: ____________

[ ] यदि आपको निकट के होटलों की सूचि चाहिये हो तो कृपया ✓ का चिह्न लगायें। (होटल की बुकिंग इत्यादि करना भक्तों की जिम्मेदारी होगी।)

* यह सूचना अनिवार्य है

## भुगतान के विवरण

पंजीकरण शुल्क (₹750 x ____________ लोगों की संख्या) ₹ ____________

**आदर्श-जीवन प्रशिक्षण हेतु अनुदान :**

₹2,000 / ₹4,000 / ₹6,000 / ₹8,000 / ₹10,000 / अन्य ₹ ____________

(आपके द्वारा दिया गया अनुदान इन विशेष कार्यक्रमों के आयोजन में होने वाले व्यय का वहन में प्रयोग किया जायेगा। हम उनके बहुत आभारी हैं जो इस हेतु अधिक योगदान दे पाने में सक्षम हैं। आपके योगदान से हम सभी सच्चे अनुयायियों को पंजीकरण एवं भोजन शुल्क पर छूट प्रदान कर सकेंगे।)

**कुल योग ₹** ____________

## भुगतान का माध्यम

[ ] नक़द

[ ] चैक संख्या ______________ दिनांक ______________ बैंक ______________________________

आपका चैक **YOGODA SATSANGA SOCIETY OF INDIA** के नाम से देय होना चाहिये।

(कृपया ध्यान दें कि यदि आपका पंजीकरण हो जाता है और आप कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाते हैं तो पंजीकरण शुल्क वापस नहीं किया जायेगा और न ही यह किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरणीय होगा।)

## सम्पर्क का पता

________________________________________

________________________________________

ई-मेल : ________________________________

हस्ताक्षर : ____________________

दिनांक : ____________________